


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई–पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 293 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 06 अगस्त 2024 | मूल्य 2 रुपया

## साईकिल चालक अधेड़ को कार ने टक्कर मारी, मृत्यु

**सीतामऊ , 5 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। ग्राम खेजड़िया के समीप हाईवे पर रविवार की रात्रि में एक कार के चालक ने साईकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। सिर में गंभीर चोट लगने पर सीतामऊ अस्पताल में उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।**

पुलिस के अनुसार राधेश्याम पिता बगदीराम सूर्यवंशी 55 वर्ष ग्राम रहीमगढ़ में रहता है। वह रात्रि में साईकिल से कहीं जा रहा था। खेजड़िया के समीप एक किलोमीटर आगे अंचल के हाईवे रोड पर राधेयाम पहुंचा था कि तेज रफ्तार अज्ञात कार के चालक ने टक्कर मार दी। सूचना पर घायल को एम्बुलेंस से अस्पताल लाया गया, यहां उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू की है।

### शहर में कई अवैध होर्डिंग्स भी खड़े हैंसीना तान के, केवल सर्वे हुआ, चिन्हांकन नहीं...

## होर्डिंग्स टेण्डर में लेटलतीफी, कार्य ज्यादा होने का तर्क..!

### आधा मार्च निकला, फिर आचार संहिता, अब आचार संहिता समाप्त हुए दो माह निकले

**मंदसौर, 5 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शहर में जैसे–जैसे नामी कंपनियों ने पैर पसारे हैं, वैसे–वैसे होर्डिंग्सों पर विज्ञापन प्रसारित कराने की भी होड़ चली है। शहर के मुख्य पाइन्टों पर होर्डिंग्सों से प्रचार किया जा रहा है। हालांकि, इसमें कोई गलत नहीं है। उधर, होर्डिंग्स पर प्रचार–प्रसार के लिए नगर पालिका द्वारा राजस्व कर वसूला जाता है। होर्डिंग्स के टेण्डर की मियाद समाप्त हो चुकी है। मार्च महीने में इसके टेण्डर होना था, जो अब तक नहीं हुए हैं। वैसे मार्च महीना आधा गुजरा था कि आचार संहिता लग गई। आचार संहिता समाप्त हुए दो महीने निकल गए हैं। इसके बाद भी शहर के होर्डिंग्सों के मामले में टेण्डर प्रक्रिया नहीं हो पाई है। जिम्मेदारों द्वारा लेटलतीफी जारी है। इस लेटलतीफी के कारण भी अज्ञात हैं, लेकिन नई पॉलिसी के तहत होने वाले टेण्डर से नगर पालिका को राजस्व अधिक मिलने के आसार हैं, जबकि होर्डिंग्स टेण्डर में नगर पालिका के प्रशासनिक अमले को शायद कोई लेना–देना नहीं है। काम ज्यादा होने का भी तर्क दिया जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि दूसरे काम भी ज्यादा हैं, इसलिए देरी हो रही है। दूसरी ओर मियाद पूरी होने पर पुराने पद्धति से ही राजस्व की पूर्ति की कोशिश हो रही है। यह भी कहा जा रहा है कि प्रोसेसिंग को फॉलो किया जा रहा है, जबकि वित्तीय वर्ष अप्रैल से मार्च मार्च माह तक का होता रहा है।

नगर पालिका ने इंजीनियरों व समझदार टोलियों की मदद से दो महीने पूर्व शहर के होर्डिंग्सों का सर्वे कराया था। सर्वे के बाद यह दावा किया था कि सभी होर्डिंग्स मजबूत अवस्था में खड़े हैं। लेकिन, इसमें वैध और अवैध का चिन्हांकन बाहर नहीं आ पाया। गौरतलब है कि शहर में अवैध होर्डिंग्स पर भी प्रचार–प्रसार हो रहा है, जिसके द्वारा नियम विपरित होर्डिंग्स खड़ा किया है, वह प्रतिदिन, हफ्ते व मासिक के आधार पर किराया वसूला जा रहा है। दूसरी ओर होर्डिंग्सों से शहर पट गया है, इसमें कई होर्डिंग्स ऐसे भी हैं, जिनकी जड़ यानी नींव कमजोर हो गई है, लेकिन इसे गुणवत्तापूर्ण की संज्ञा दी गई है। बता दें कि जो सरकारी कार्यालय अथवा स्कूल एवं सरकारी संपत्ति हो, उसकी दीवार के बाहर होर्डिंग्स लगाने पर भी संबंधित सरकारी संपत्ति के जिम्मेदार से अनुमति लेना होती है, यह अनुमति कौन दे रहा है, यह भी गौण है।

**होर्डिंग्स के नीचे गुमटियां व अस्थाई दुकानें, दुर्घटना की आशंका–** शहर की सुंदरता को बेतरतीब टंगे होर्डिंग बदसूरत बनाते जा रहे हैं। बावजूद इसके जिम्मेदार सुंदरता को बनाए रखने में नाकाम हो रहे हैं। होर्डिंग्स टांगने व और खड़े करने के अपने नियम और कायदे हैं। समय–समय पर इन कायदों को मजबूत बनाया जाता रहा है। वर्तमान में होर्डिंग्स नियम मजबूत बनाए गए हैं, यदि उन पर अमल लाया जाए तो कई होर्डिंग्स हटाए जाने के भी आसार बनते हैं। जिन्हें हटाने में और कार्रवाई करने में नगर पालिका के जिम्मेदार कदम बढ़ाना चाह ही नहीं रहे हैं। पूर्व में हाईकोर्ट के स्पष्ट निर्देश है कि अवैध होर्डिंग की गिनती कर उन्हें हटा दिया जाए। बावजूद इसके जिम्मेदारों द्वारा अदालत की व्यवस्थाओं का मखौल उड़ाया जा रहा है।

**एक भी गलत होर्डिंग्स नहीं मिलना, समझ से परे–** अनेक नियम विपरित होर्डिंग्स का टंगना निरंतर प्रक्रिया है। जिन पर कार्रवाई करने में नपा के अमले ने आज तक पहल नहीं की है। एक भी गलत होर्डिंग्स नहीं मिलना, यह भी समझ से परे है। बताते हैं कि सीएमओ और राजस्व अमले के बीच पटरी बैठ नहीं रही है। इस कारण राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने भी मनमर्जी के अनुरूप काम करना शुरु कर दिया है। ऐसा भी नहीं है कि नपा को .... शेष पेज 4 पर

**इनका कहना**

होर्डिंग्स के टेण्डर में समय लग रहा है। हम प्रोसेसिंग फॉलो कर रहे हैं। दूसरे कार्य भी ज्यादा हैं। प्रोविजन को देखा जा रहा है। अक्टूबर से अक्टूबर की प्रोसेस भी संज्ञान में आई है, इस कारण देरी हो रही है।

**सुधीर कुमार सिंह, सीएमओ**
**नपा, मंदसौर**



दोपहर में अवर्षा की स्थिति रही, शाम को बरसे बदरवा, एसडीआरएफ टीम की तैनाती...

## काला भाटा बांध का एक गेट खोला, शिवना में जलप्रवाह बरकरार

### 21 इंच बारिश दर्ज, पिछली बार से आगे पहुंचा औसत बारिश का आंकड़ा

**मंदसौर, 5 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सोमवार को माना जा रहा था कि सुबह से शाम तक बारिश होगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। सोमवार को सुबह हल्की बारिश हुई, उसके बाद मौसम खुला हो गया। हालांकि बादल छटे रहे कुछ देर के लिए धूप भी खिली, सूरज देव के दर्शन भी हुए। शाम को एक बार फिर से बादल बरसे। शहर की सड़कों पर पानी बहने लगा। उधर, दोपहर में मौसम खुला रहने पर सावन के तीसरे सावन को दर्शनार्थियों में भी उत्साह रहा और शिवना नदी में जल प्रवाह के साथ पशुपतिनाथजी के दर्शन किए। प्रतापगढ़ क्षेत्र में अच्छी बारिश होने यानी शिवना नदी के केचमेंट क्षेत्र में बारिश होने की वजह से शिवना नदी में पानी की आवक बनी रही। शिवना में जल प्रवाह बरकरार रहा। इसके चलते काला भाटा बांध का एक गेट भी खुला रखा गया।

शहरवासियों को इस मानसून सत्र की शुरुआत में बारिश की खींच ने चिंता में डाल दिया था। लेकिन, सावन माह में शुरु हुआ बारिश का दौर लगातार जारी है। जहां जुलाई में बारिश की खींच के बाद वर्षा का आंकड़ा पिछले साल से काफी पिछे था। वहीं पिछले साल के मुकाबले अब तक छह इंच ज्यादा बारिश दर्ज की जा चुकी है। मौसम विभाग ने 18 जिलों में बाढ़ की चेतावनी जारी की है। जिसमें मंदसौर भी शामिल है। इसके अलावा मल्हारगढ़ में चौबीस घंटे में पांच इंच बारिश दर्ज की गई है।

मंदसौर जिले में बीते 24 घंटों में 2.69 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले की औसत बारिश का 64 फीसदी कोटा पूरा हो गया है। सोमवार सुबह तक जिले की औसत बारिश का आंकड़ा 21 इंच पहुंच गया है। यह पिछले साल के मुकाबले 6 इंच अधिक है। जिले की औसत बारिश 33 .... शेष पेज 4 पर

### बाजार में आने के बाद निभाई जाती रही है औपचारिकताएं...

## प्रतिबंध अलमारी में बंद..! बन रही पीओपी की प्रतिमाएं



**मंदसौर, 5 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शहर में गणेशोत्सव मनाने के लिए मूर्ति को आकार देने की तैयारियां शुरु हो चुकी हैं। बारिश शुरु होने के पहले ही मूर्तिकारों ने ऑर्डर लेने के साथ तैयारी शुरू कर दी थी। शहर सहित जिले भर में बीस से अधिक कलाकार गणेशजी की मूर्तियों को आकार देने में लगे हैं। इस साल शहर में ही 15 हजार से ज्यादा मूर्तियों का निर्माण होना है, खास बात यह है कि इसमें 12 हजार से ज्यादा प्रतिबंधित पीओपी (प्लास्टर ऑफ पेरिस) की मूर्तियों का निर्माण किया जा रहा है। अधिकतर तैयार हैं और कुछ जगह रंगरोगन शुरू हो चुका है। ये मूर्तियां शहर व जिले के साथ आसपास के जिलों तक बिकने के लिए जाती हैं। वहीं इंदौर, उज्जैन से बड़ी संख्या में भी दूसरे व्यापारी पीओपी की मूर्तियां लाकर बेचते हैं। बावजूद प्रशासन का ध्यान इस तरफ नहीं है। जब पीओपी की मूर्तियां बेचने के लिए तैयार होकर बाजार में दिखने लगेंगी, तब प्रशासन औपचारिकता निभाने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करेगा। यदि दो-तीन सालों को देखें तो शहर में एक भी कार्रवाई इसे लेकर नहीं हुई है।

प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियों का नदियों, तालाबों और जिन जलाशयों में विर्सजन किया जाता है, वहां सबसे ज्यादा प्रदूषण फैलता है। इसी कारण केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा पीओपी की मूर्तियों पर रोक लगाने के साथ हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक प्रतिबंध लगा चुका है। प्रदेश में भी सरकार ने प्रतिबंध लगा रखा है, बावजूद शहर में हर साल हजारों गणेशजी की मूर्तियों के बाद नवरात्रि में भी देवी की मूर्तियां बिकती हैं। वर्तमान में शहर में 20 से ज्यादा स्थानों पर 6 इंच से लेकर 8 फीट तक की पीओपी की मूर्तियों का निर्माण हो रहा है। यह सब सांचे से बनती हैं और इसलिए कम समय में तैयार हो जाती हैं।

**पीओपी में रसायन हानिकारक–** जिला प्रशासन को भी अच्छे से पता है कि पीओपी से बनी मूर्तियां न सिर्फ जलीय जीव-जंतुओं के लिए खतरा हैं बल्कि वातावरण भी दूषित करती हैं। इसके कारण नदी, तालाब व अन्य जलाशयों का पानी भी दूषित होता है। बावजूद प्रशासन इनको बनाने से रोकने में गंभीरता नहीं दिखाता है। जानकारों के अनुसार पीओपी मूर्तियों में जिप्सम, सल्फर, फॉस्फोरस और मैग्निशियम होता है। वहीं मूर्तियों में लगने वाले रंगों में मरकरी, लेड, कैडमियम और कार्बन होते हैं। इन तत्वों के कारण पानी में एसिड बनता है। इसके उपयोग से लोगों को त्वचा संबंधी रोग होते हैं। साथ ही जलाशयों में रहने वाले जीव व आसपास के पेड़, पौधों को भी नुकसान पहुंचता है।

**आधे से एक घंटे में बन रही हैं पीओपी मूर्तियां–** मिट्टी की मूर्तियों की जगह पीओपी की मूर्तियां कम समय में बन जाती हैं। छोटी से लेकर बड़ी पीओपी की मूर्ति आधे से एक घंटे में बन जाती हैं। मूर्तिकारों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मूर्ति बनाने के लिए इसका सांचा (खाका) आजकल बड़े शहरों में आसानी से मिल जाता है। यदि संभलकर काम करें तो एक ही सांचा दो-तीन साल काम आ जाता है। साइज के हिसाब से दो-तीन दिन इसे सूखने में लगते हैं। इसके बाद रंग-रोगन किया जाता है। छोटे से लेकर बड़े आकार की मूर्तियों को हजारों रुपए में बेचा जाता है।

**सुप्रीम कोर्ट में दायर हुई थी याचिका–** सुप्रीम कोर्ट द्वारा 18 सितंबर 2023 को पीओपी से बनी गणेश मूर्तियों पर रोक के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बैंच ने कहा था कि आपको कुछ भी बनाना है वो मिट्टी का बनाएं।



## बारिश पूर्व हुए पेचवर्क उखड़े, सड़कों की बिगड़ी हालत

**मंदसौर, 5 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** बारिश के पूर्व नगर पालिका ने पेचवर्क का टेण्डर देकर पूरे शहर में पेचवर्क कराया। लोगों के हिसाब से भी पेचवर्क हुआ। इस पर अच्छा खासा रूपए खर्च हुआ है। यह कार्य अच्छा भी उस समय बताया गया। लेकिन, बारिश के बाद जो पेचवर्क हुए था वह कई जगहों से उखड़ चुका है। एक तरह से पेचवर्क दो महीने में ही गायब हो गया है। बारिश ने शहर की सड़कों की हालत बिगाड़ दी है। वर्तमान में हालत यह है कि अनेक प्रमुख मार्गों पर सड़कों पर गड्ढे हो गए है। तेज वर्षा कुछ देर के लिए और कुछ दिन ही हुई थी, फिर भी सड़कों पर गड्ढे उत्पन्न होने से कयास लगाए जा रहे हैं कि पेचवर्क की गुणवत्ता ठीक नहीं रही है। हालांकि, बारिश के मौसम में हर वर्ष सड़कों की हालत बिगड़ती रही है। हर बार नगर पालिका बारिश के बाद फिर से पेचवर्क कराती है ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा हो सके। इसके अलावा गांधी चौराहे पर गांधी भवन के नीचे एक बड़ा गड्ढा था, जो लम्बे समय से यूं ही रहा। कुछ दिन पूर्व इसका अच्छी तरह से भराव किया गया है, हालांकि यह वर्तमान में मजबूत अवस्था में है, लेकिन बारिश का पानी तेज बहाव के साथ इसी ओर से गुजरता रहा है।


### 5-5 हजार रुपए लोन दिलाने के नाम पर लिए, थाने पर शिकायत

**मंदसौर, 5 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शामगढ़ थाने पर सोमवार दोपहर में अनेक लोग पहुंचे। थाना प्रभारी को लिखित शिकायत कर बताया कि हमारे साथ ठगी हुई है। पशु व मुद्रा लोन दिलाने के नाम पर दो व्यक्तियों ने हम से पांच–पांच हजार रूपए लिए हैं। खाता भी खुलवाया है। लेकिन न तो खाते में राशि जमा हुई और ना ही लोन मिला। जिन पर आरोप है, वे गायब बताए गए हैं।

पुलिस के अनुसार गुमानसिंह पिता पर्वतसिंह सौंधिया निासी परासली तालाब एवं भागीरथ पिता प्रभुलाल निवासी असावती सहित करीब 11 लोगों ने लिखित शिकायत दर्ज कराई। कहा कि आरोपी दशरथ पिता रामसिंह एवं राजेन्द्रसिंह पिता अर्जुनसिंह दोनों निवासी ग्राम चूकनी थाना गरोठ ने गांव आकर हमें लोन दिलाने के लिए आश्वस्त किया। बताया गया है कि इन्होंने कार्यालय भी खोला था। पांच–पांच हजार रूपए लोन दिलाने के नाम पर अग्रिम लेकर खाता खुलवाया। लम्बा समय बीतने पर न तो लोन मिला और न खाते में रूपए जमा हुआ। शामगढ़ थाना निरीक्षक ने बताया कि ग्रामीणों ने आवेदन दिया है। लोन का कुछ मामला है। इसकी जांच करवाई जाएगी।

### अष्टमुखी पशुपतिनाथजी का हुआ आकर्षक श्रृंगार...

## तीसरा सावन सोमवार:शिव मंदिरों में रहा भक्तों का तांता





**मंदसौर, 5 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सावन के तीसरा सोमवार को सुबह से ही शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा। जिले के प्रमुख मंदिरों में भक्त कावड़ यात्रा और पैदल यात्रा के रूप में महादेव के दर्शनों को मंदिर पहुंचे। मंदसौर के अष्टमुखी भगवान पशुपतिनाथजी मंदिर में सुबह महादेव का दूध, दही, पंचामृत से विशेष अभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर बाबा पशुपतिनाथ के दर्शन किए। वहीं, अष्टमुखी महादेव का चंदन, भांग, सूखे मेवे, बिल्वपत्र, फूलों से विशेष नयनाभिराम श्रृंगार किया गया। सुबह की आरती के बाद भक्तों के दर्शनों का सिलसिला शुरू हुआ जो देर रात तक चलेगा। पशुपतिनाथजी मंदिर पुजारी कैलाशचंद्र भट्ट ने बताया कि जिले मे अच्छी बारिश हुई है। व्यापारियों से लेकर किसानों तक में खुशी है। भगवान की इस कृपा का धन्यवाद करने महादेव के दरबार में भक्त पहुंच रहे हैं। अष्टमुखी महादेव को दूध, दही, शहद, चंदन से अभिषेक किया गया। इसके बाद नयनाभिराम श्रृंगार किया गया। भक्तों की सुरक्षा, सुविधा लिए विशेष व्यवस्था की गई है। इधर भानपुरा के धर्मराजेश्वर मंदिर में भी सुबह से देर शाम तक भक्तों की कतार लगी रही।

### पांच दिन पहले क्राईम बैठक में दांगी व सारवान को सुधार लाने की दी थी हिदायत...

## नाहरगढ़ व पिपलिया टीआई नहीं सुधरे तो भेजा लाईन

**मंदसौर, 5 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस कप्तान अनुराग सुजानिया ने पांच दिन पूर्व 31 जुलाई को क्राईम बैठक ली थी। उन्होंने थानेवार अपराधों की समीक्षा की थी। इस दौरान नाहरगढ़ और पिपलिया थाने के फिसड्डीपन के नजरिये को सुधारने की हिदायत दी थी। इसमें कोतवाली भी शामिल रही है। पांच दिन बाद भी नाहरगढ़ और पिपलिया थाने के प्रभारी सुधारात्मक गुणा–भाग को हल नहीं कर सके। शायद यही कारण है कि सावन के तीसरे सोमवार को दोनों थाना प्रभारियों को हटाते हुए सीधे लाईन भेज दिया गया है। उधर, कोतवाली के प्रभारी को यथावत रखा गया है, यानी सुधार दिखाई दिया है। पिपलिया के थाना प्रभारी सारवान को हटाने की एक वजह प्रतापगढ़ में एक आरोपी के अवैध शराब के साथ पकड़ाने से भी जोड़कर देखा जा रहा है, वहीं नाहरगढ़ टीआई दांगी के कार्यप्रणाली की पटरी क्षेत्र में नहीं बैठ पा रही थी।

पुलिस कप्तान अनुराग सुजानिया ने 5 अगस्त को आदेश जारी करते हुए पिपलिया और नाहरगढ़ थाने के प्रभारियों को बदल दिया है। आदेश के अनुसार पिपलियामंडी ..... शेष पेज 4 पर

### सागर की घटना के बाद भी सोते रहे जिम्मेदार, अब कलेक्टर ने दिए आदेश...

## जर्जर मकानों के साथ नोटिस-नोटिस का खेल रहा बरकरार

**मंदसौर, 5 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सागर में दीवार गिरने से हुए बड़े हादसे के बाद भी जिम्मेदारों की नींद नहीं खुल रही है। शहर के पुराने इलाकों में मौजूद जर्जर मकानों का निरीक्षण करने तक अमला नहीं पहुंचा। सिर्फ नोटिस नोटिस का खेल सालों से चला आ रहा है। इस बार भी यही होता रहा। बारिश की शुरुआत में जनकूपुरा में एक पुराने मकान की दीवार का हिस्सा भी गिर गया था। ऐसे कई मकान शहर के पुराने इलाकों में मौजूद है। उधर, कलेक्टर अदिति गर्ग ने सोमवार को बैठक में इस दिशा में कदम उठाते हुए जर्जर मकानों के संबंध में सभी नगरीय निकायों को निर्देश दिए हैं।



कई सालों से खस्ताहाल हो चुके मकानों को लेकर नपा बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। 2015 में जर्जर मकान नपा के अनुसार छत्तीस थे। इसके बाद संख्या नब्बे तक पहुंच गई। कुछ खुद ही घिर गए तो कुछ को नगरपालिका के जिम्मेदारों ने कार्यालय में बैठकर ही जर्जर करार दे दिया। पिछले साल पीएम आवास में बने पक्के मकान को भी नपा जर्जर मानकर तोड़ने का आदेश दे दिया था। जबकि सालों से खतरनाक स्थिति में पहुंच चुके मकानों के संबंध में नोटिस देकर जिम्मेदार देखने तक नहीं आ रहे हैं। दरअसल, नपा के जिम्मेदार सालों से कार्यालय में बैठकर ही नोटिस- नोटिस खेल रहे हैं। इनको हकीकत जानने तक की फुर्सत नहीं है। कलेक्टर के निर्देशों के बावजूद जिम्मेदारों का लापरवाह रवैया मानो किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

**2015 में 36 जर्जर मकान तो 2022 में 52 जर्जर मकान मिले थे–** जानकारी के अनुसार नपा ने 2015 में 36 जर्जर मकान चिन्हित किए थे, 2016 में 28, 2017 में 15 से अधिक, 2020 में 91, 2021 में 52 और 2022 में भी इसके ही करीब मकान जर्जर मिले थे। पिछले साल नपा ने 35 मकानों को चिह्नित किया। खानपुरा, शहर किला रोड, जनकूपुरा, धानमंडी, नृसिंहपुरा, गुदरी तोड़ा क्षेत्र, बालागंज... शेष पेज 4 पर

## भारत कहां है, विश्व स्तर की आधुनिक टेक्नोलॉजी पाने की स्पर्धा में?



चन्द्रमोहन भगत

**उज्जैन/मंदसौर, 5 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** आधुनिकता की होड़ के युग में जब दुनिया भर के प्रगतिशील देश की रिसर्च एंड डेवलपमेंट की नई-नई खोजों के कारण दुनिया के युवाओं को आकर्षित कर रहे हैं । आज लगभग हर देश के नवयुवकों से लेकर वरिष्ठ नागरिक और ग्रामीण जनों के पास भी स्मार्टफोन नजर आते हैं। इनमें जो भी नेट का उपयोग करते हैं वह अपने देश और अन्य देशों की भौतिक राजनीतिक टेक्नोलॉजी जैसी गतिविधियों की जानकारी आसानी से पा सकता है। जिसकी भी जिस विषय में रुचि होती है, वह दुनिया भर के देशों की स्पर्धा और प्रगति के आंकड़े खंगाल सकता है। साल भर से रूस–यूक्रेन युद्ध के बाद अब इजरायल ईरान, हमास के युद्ध की शुरुआत है। स्वाभाविक है इस दौर में नए आधुनिक मिसाइल हथियार का प्रयोग सार्वजनिक होने वाला है। उनके नाम तो सतह पर आ ही गए हैं मारक क्षमता युद्ध में नजर आ जाएगी। पश्चिम एशिया के इसराइल, हमास, इराक, ईरान, फिलिस्तीन, लेबनान, तुर्की जैसे राष्ट्रों में समर्थक समूह बनाकर युद्ध होना अवश्यंभावी माना जा रहा है ।इसके पूर्व लक्षणों के कारण ही एक करोड़ा भारतीयों की नौकरी पर इतना बड़ा खतरा मंडराने लगा है कि इन सभी को और देश की सरकार को भी त्वरित निर्णय लेना पड़ेगा। इसके अलावा इस युद्ध में अत्याधुनिक हथियारों तकनीक का उपयोग होने वाला है। ऐसे में यह आकलन भी होगा कि रिसर्च एंड डेवलपमेंट में कौन सा राष्ट्र किस स्तर तक वैश्विक स्पर्धा में स्थान पा रहा है।

वर्तमान समय में तकनीक जगत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक को पाने और इसमें प्रगति करने की समृद्ध देशों में होड़ लगी हुई है। अमेरिका ने 2023 में आई तकनीक पर 7 लाख करोड़ रूपया खर्च किया था। जबकि चीन ने 3.50 लाख करोड़ रूपया। अगले 5 सालों में अमेरिका 20 खरब रुपया तो चीन 15 खरब रुपए से अधिक राशि खर्च करने वाला हैं। जबकि भारत सरकार सिर्फ 10 हजार करोड़ रूपया खर्चने वाली है। यह बजट से पहले के आंकड़े हैं । जबकि हाल ही में घोषित बजट में घोर निराशा करने वाली बात यह है कि केंद्र सरकार ने रिसर्च एंड डेवलपमेंट के बजट में कोई बढ़ोतरी न करते हुए शोध कार्य में लगने वाले विदेश से आयात होने वाली केमिकल सप्लीमेंट सामग्री पर 150 प्रतिशत टैक्स लगा दिया है। जबकि अभी तक इन सामानों पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगा करता था । ऐसे में भारतीय शोधार्थी वैज्ञानिक घटती लागत में कैसे काम कर पाएंगे, यह गंभीर सोच का विषय है। इधर पश्चिम एशिया के राष्ट्रों में युद्ध का वातावरण बन चुका है। समुद्री और हवाई रास्तों से आवागमन महंगा होने के साथ मुश्किल भी होने वाला है। यही हाल रहा बजट सीमित रहा तो भारत कैसे नई तकनीक के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर टिक पाएगा। आज भी मोबाइल और चिप के मामले में हम विदेशी आयात पर खासकर चीन पर निर्भर हैं। विश्व में बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की बात हमारी सरकार बार-बार दोहराती रही जबकि जर्मनी ने तीसरी आर्थिक शक्ति बनकर जापान जैसे राष्ट्र को पीछे छोड़ दिया है, भारत पहले से ही पीछे था। पासपोर्ट रैंकिंग में भी हमसे छोटा देश सिंगापुर पहले नंबर पर आ गया है, हम 82वें नंबर पर हैं। इसका फायदा सिंगापुर निवासियों के लिए विशेष अधिकार होगा 195 देश में बिना वीजा के आने-जाने का। जबकि भारतीय नागरिक 58 छोटे देश में बिना वीजा के जा सकेंगे। कुल मिलाकर वैश्विक स्तर पर तकनीक आर्थिक और सुरक्षा के क्षेत्र में भारत कहां है! वर्तमान हालातों में अनुकूलता कहीं नजर नहीं आ रही है, इसलिए प्रगति की बात करना कल्पना जैसी बात होगी।

# गरीब, महिलाओं, युवा और अन्नदाताओं को सशक्त बनाने वाला है केंद्रीय बजट-चौहान

## केंद्रीय बजट के संबंध में भाजपा कार्यालय पर प्रेसवार्ता संपन्न




**मंदसौर, 5 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के मार्गदर्शन में लोकसभा में पारित बजट के संबंध में सोमवार को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक श्री बहादुर सिंह चौहान ने भाजपा जिला मंदसौर द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर 2024 - 25 के बजट पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, भाजपा जिला महामंत्री राजेश दीक्षित, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, पिछ्डा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन उपस्थित थे। श्री चौहान ने केंद्रीय बजट पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने जो बजट पेश किया है वह देश, देश के युवाओं, महिलाओं, किसानों, गरीबों और समाज के हर वर्ग को ताकत देगा। बजट के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री मोदी की सरकार ने देश को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प जताया है।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री चौहान ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी जिन चार जातियों युवा, महिला, गरीब और किसानों की बात करते हैं, नए बजट में उनके सशक्तीकरण पर जोर दिया गया है। बजट में महिलाओं और बालिकाओं को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए 3 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है. जो महिला विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। श्री चौहान ने बताया कि युवाओं से संबंधित रोजगार और कौशल प्रशिक्षण से जुड़ी 5 योजनाओं के लिए 2 लाख करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। 5 सालों में 4.1 करोड़ युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। 20 लाख युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। देश में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये के लोन का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा युवाओं को पहली जॉब पर 15 हजार रुपए सीधे ईपीएफओ अकाउंट में मिलेंगे। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए कृषि और उससे जुड़े सेक्टरों के लिए 1.53 लाख करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। प्रदेश उपाध्यक्ष श्री चौहान ने कहा कि नए बजट में देश में अधोसंरचना के विकास के साथ देश के बहुआयामी विकास पर जोर दिया गया है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 1.28 करोड़ से अधिक पंजीकरण किए गए हैं और 14 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। यह योजना ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगी। श्री चौहान ने कहा कि नया बजट विकसित भारत के विराट संकल्प की पूर्ति के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण करेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अब भारत को अगले तीन साल में 5 ट्रिलियन और 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य है, जिसकी पूर्ति में आज का बजट काफी कारगार सिद्ध होगा। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि समाज के हर वर्ग की बेहतरी को ध्यान में रखकर तैयार किए गए नए बजट में मोदी सरकार की नौ प्राथमिकताएं स्पष्ट रूप से दिखाई देती हैं। बजट में कृषि में उत्पादकता और अनुकूलनीयता, रोजगार और कौशल प्रशिक्षण, समावेशी मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय, विनिर्माण और सेवाएं, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा, अवसंरचना, नवाचार, अनुसंधान और विकास तथा अगली पीढ़ी के सुधारों पर केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बहुआयामी बजट में पूरा ध्यान दिया गया है। प्रदेश उपाध्यक्ष श्री चौहान ने कहा कि बजट में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। यह बजट विकसित मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार करेगा। मध्यप्रदेश पर्यटन का एक बहुत बड़ा हब है। ऐसे में केंद्रीय बजट में किए गए प्रावधानों का लाभ मध्यप्रदेश को मिलना तय है। श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार ने समग्र विकास की एक रूपरेखा तैयार की और केंद्रीय बजट में मध्य प्रदेश को मिली बड़ी सौगात और बड़े बजट के माध्यम से मध्य प्रदेश का समग्र विकास सुनिश्चित होगा।



# सभी नगर परिषद जर्जर मकान को गिराने की कार्रवाई करें-कलेक्टर

## महिला बाल विकास अधिकारी जर्जर आंगनवाड़ी भवनों को चिन्हित करें, साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न

**मंदसौर, 5 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने सभी नगर परिषद को निर्देश देते हुए कहा कि जितने भी जर्जर भवन है, उनको गिराने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। जर्जर मकान को चिन्हित करने के साथ ही मकान को गिराने का काम भी धरातल पर दिखना चाहिए। नोटिस देने के पश्चात सीधे कार्यवाही प्रारंभ करें। महिला बाल विकास अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में जितने भी आंगनबाड़ी भवन हैं, जो जर्जर अवस्था में हैं, उनको चिन्हित करें। आगामी 15 अगस्त के दिन जिले में सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया जाएगा। इसके लिए महिला बाल विकास, अन्य सभी अधिकारी सराहनीय कार्य करने वालो महिलाओं को चिन्हित कर सूची भेजे। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल सहित सभी जिलाधिकारी मौजूद थे।

बैठक के दौरान 15 अगस्त की तैयारी के संबंध में समीक्षा की गई तथा जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक कार्य करने के लिए निर्देश प्रदान किए गए। 15 अगस्त के दिन मुख्य कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को लाने व वापस घर छोड़ने का कार्य जिला शिक्षा अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ करें। बच्चों का विशेष तौर पर ख्याल रखें। नगर पालिका सीएमओ को निर्देश दिए की कलाभाटा डेम के गेट खोलना और बंद करने के संबंध में सूचना पहले से प्रदान करें तथा प्रोटोकॉल का पालन करें। वन विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे स्थान जहां पर मगरमच्छ निकलकर आते हैं, उन स्थानों को चिन्हित करें तथा वहां पर तार फेंसिंग का कार्य करें। उस क्षेत्र के लोगों को भी जागरूक करें। जिला शिक्षा अधिकारी निजी स्कूलों पर की गई नोटिस की कार्यवाही के पश्चात आगामी दंडात्मक एवं नियमानुसार कार्यवाही भी सुनिश्चित करें।

# नपाध्यक्ष ने उद्यानों में पौधरोपण की तैयारी एवं जनसमस्याओं के निराकरण के लिये निरीक्षण किया

**मंदसौर, 5 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** नगरपालिका परिषद मंदसौर में पर्याप्त वर्षा होने के बाद नगर के उद्यानों में हरियाली को बड़ाने हेतु वृहद स्तर पर पौधरोपण करने की कार्ययोजना बनाने पर विचार कर रही है। इसके लिये नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर एवं उद्यान शाखा समिति सभापति श्री रमेश ग्वाला लगातार प्रयासरत है। आगामी समय में अभिनंदन क्षेत्र के वार्ड नं. 4 व 21 में पौधरोपण की कार्ययोजना बनाने हेतु क्षेत्रीय पार्षद श्री आशीष गौड़ व सत्यनारायण भांभी के साथ क्षेत्र के उद्यानों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर के द्वारा वर्षा के कारण नागरिको को आ रही परेशानी के बारे में भी चर्चा की गई। नपाध्यक्ष



श्रीमती गुर्जर ने संजीत रोड ओवरब्रीज क्षेत्र का भी भ्रमण किया गया और क्षेत्र के नागरिकों से भी चर्चा की गई। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने क्षेत्र के नागरिकों को आश्वस्त किया कि यहां कीचड व अन्य जो समस्याये है उसे समाधान के लिये मोर्रम डालने का कार्य किया जायेगा तथा सर्विस रोड का जो काम अधूरा पड़ा है वह भी सेतु विकास निगम से चर्चा कर कराया जायेगा। क्षेत्र के पार्षद सत्यनारायण भांभी के साथ नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने वार्ड नं. 4 की रामजानकी वाटिका का भी भ्रमण किया और यहां पौधरोपण कार्यक्रम कराने के संबंध में चर्चा की।

## नलकर्मी को पीटा, केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 5 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** बकाया राशि मांगने पर नलकर्मी से मारपीट करने वाले पर पुलिस ने केस दर्ज किया। थड़ोद निवासी रामनिवास धनगर ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि अयुब पिता बशीर शाह के 5 माह के 275 रुपए नल बिल के बाकी थे, सोमवार सुबह रुपए मांगे तो अयुब ने मना कर दिया गाली-गलौज की व मारपीट की। पुलिस ने अयुब के खिलाफ केस दर्ज किया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रबंधक पर डिलवेरी के लिए आई महिला व ननद ने लगाया अभद्र व्यवहार का आरोप

## प्रबंधक ने कहा आरोप गलत, बीएमओ ने कहा जांच के लिए टीम गठित, दोषी पाए जाने पर होगी कार्रवाई

**पिपलियामंडी, 5 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** पिपलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रबंधक पर डिलवेरी के आई महिला व नारायणगढ़ 108 एम्बूलेंस में ईएमटी पद पर तैनात उसकी ननद ने अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया। जबकि अस्पताल प्रबंधक ने लगाए आरोप गलत बताए। कार्रवाई की मांग को लेकर महिला के पति ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की। सोमवार को परिजनों ने एक ज्ञापन भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नाम ब्लाक मेडीकल आफिसर को सौंपा। बीएमओ ने मामले ने आरोप लगने के बाद प्रबंधक को मल्हारगढ़ कार्यालय अटेच कर जांच कराने की बात कही। जानकारी के अनुसार रविवार को पिपलिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ममता पति दीपक गोस्वामी की डिलवेरी हुई, इस दौरान उनकी ननद रेणु भी अस्पताल में थी। महिला व उसकी ननद का आरोप है कि अस्पताल में तैनात दिलीप शर्मा ने लेबर रुम में ताकाझाकी व लेबर रुम में आकर अभद्र व्यवहार किया व सभी को बाहर निकाल दिया वहीं कहा कि महिला को मंदसौर रेफर करो। शर्मा के इस तरह अभद्र व्यवहार का हमने विरोध किया और कहा कि मंदसौर रेफर क्यों किया जा रहा है, अधिकारियों से शिकायत की, तब जाकर अस्पताल में नार्मल डिलेवरी हुई। महिला के पति दीपक ने मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर भी की।

**सीमएचओ के नाम बीएमओ को दिया ज्ञापन:-** सोमवार को अभद्र व्यवहार के मामले में परिजनों व कुछ लोगों ने जिला एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंदसौर के नाम ब्लाक मेडीकल ऑफिसर जितेन्द्र पाटीदार को ज्ञापन दिया। जिसमें बताया कि लेबर रुम में आकर अभद्र व्यवहार करने व जबरन मंदसौर रेफर करने के लिए दबाव बनाने वाले दिलीप शर्मा पर कार्रवाई की जाए। अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी चेक किए जाए।

**आरोप गलत, नही किया अभद्र व्यवहार:-** इधर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रबंधक दिलीप शर्मा का कहना है, मुझ पर लगाए आरोप गलत है, मैंने किसी के साथ अभद्र व्यवहार नही किया। लेबर रुम में भीड़ नही हो, इसलिए मैंने बाहर आने की कहा था। मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी थी।

**प्रबंधक को किया मुख्यालय अटेच, जांच के लिए टीम गठित:-** ब्लाक मेडीकल आफिसर जितेन्द्र पाटीदार का कहना है आरोप लगने के बाद प्रबंधक दिलीप शर्मा को तहसील मुख्यालय अटेच कर दिया है, जांच के लिए तीन डॉक्टरों की टीम बनाई है। अस्पताल के सीसीटीवी भी चेक किए जाएंगे। अगर शर्मा दोषी पाए जाते है तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## मेनपुरिया अंडर ब्रिज में भरा बारिश का पानी

**मेनपुरिया, 5 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** सावन सोमवार भगवान अष्टमुखी पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन करने आये पैदल श्रद्धालुओं व कावड़ यात्रा एवं ग्रामवासी को भी अपनी जान जोखिम में डालकर रेल मार्ग की उपर से होकर गुजर रहे हैं। दो पहिया वाहन वाले को भी कई बार पानी में गिर के चोटे आई है। यह मार्ग , पांच से सात , गांव को जोड़ता है एवं , सीतामऊमार्ग , को भी जोड़ता है। इस मार्ग से राजनेता का आना जाना लगा रहता है। फिर भी जिम्मेदार कोई सूध नहीं ले रहा है यहां प्रशासन को बड़ी घटना होने का इंतजार है। ग्रामीणों का कहना है कि यहां चेतन्य आश्रम पर भी भक्तजनों को अपनी जान जोखिम में डालकर रेल मार्ग के उपर से होकर गुजरना पड़ता है ग्रामीणों ने कहा कि हमें इस समस्या से कब हल मिलेगी।

## पोषण वाटिका निर्माण के लिये उद्यानिकी विभाग को तकनीकी सलाह एजेन्सी नियुक्त किया

**मंदसौर, 5 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग द्वारा बताया गया कि जिले कि 137 सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिका का निर्माण कराया जाना है। जिसके लिये उद्यानिकी एवं कृषि विभाग को सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिका का निर्माण कराये जाने के लिये तकनीकि सलाह एजेन्सी नियुक्त किया जाता है। उक्त एजेन्सी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (जनपद पंचायत) के उपयंत्री द्वारा जारी तकनीकि स्वीकृति अनुसार उद्यानिकी कृषि के अमले द्वारा पर्यवेक्षण/मार्गदर्शन में निर्माण एजेन्सी ग्राम पंचायत/नगर परिषद द्वारा किया जायेगा। कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के उपयंत्री/ उद्यानिकी/ परियोजना अधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षर से कार्य पूर्ण होने पर जारी किया जायेगा। निर्माण एजेन्सी आंगनवाड़ी केन्द्रों मे पोषण वाटिका का निर्माण कार्य 30 अगस्त 24 तक पूर्ण करेगी। पोषण वाटिका के सतत संधारण हेतु उद्यानिकी विभाग द्वारा संबंधित परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को प्रशिक्षण किया जायें।

## मेला समिति अध्यक्ष को पीटा, केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 5 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** मेला समिति अध्यक्ष को पीटने के मामले में पुलिस ने एक दुकानदार पर केस दर्ज किया। पहेड़ा मगरा निवासी बलराम पिता प्रभुलाल पाटीदार ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि हरियाली अमावस्या पर श्री मंगलेश्वर महादेव मंदिर पर लगने वाले मेले की समिति का पिछले चार वर्ष से अध्यक्ष हूं, मेले में लगी दुकानों से शुल्क लिया जा रहा था, इस दौरान दुकानदार आकली निवासी शीतलसिंह पिता भंवरसिंह राजपूत पर गए, तो शीतलसिंह का बेटा दिलीपसिंह बोला तूमने मेले में बहुत उगाही की है, अब मुझे रुपए देना पड़ेंगे। दिलीपसिंह ने गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया।

## बाल संसद का आयोजन, मालवीय को बनाया प्रधानमंत्री

**भाटखेड़ी/मनासा, 5 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** विद्यासागर पब्लिक स्कूल भाटखेडी में विद्यार्थियों को लोकतंत्र की जानकारी देने के लिए लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया से अवगत करवाया गया। आयोजन के तहत प्रत्येक कक्षा को एक संसदीय क्षेत्र बनाकर कक्षा से लोकसभा सदस्य का चुनाव करवाया। उसके बाद प्रधानमंत्री का निर्वाचन सभी सांसदों ने मत डालकर किया। देवेंद्र मालवीय पड्दा को प्रधानमंत्री मनोनीत किया गया। विद्यालय में आवश्यक दायित्वों पर सर्वसम्मिति से उपप्रधानमंत्री निशा राठौर मनासा, सचिव प्रतिष्ठा माली भाटखेड़ी को बनाया गया। विद्यालय में बाल संसद का आयोजन कर सभी विद्यार्थियों को भारत के लोकतंत्र से अवगत करवाया कि कैसे चुनाव होते हैं, संसद में सांसद कैसे क्षेत्र के विकास हेतु आमजन की बात को रखते हैं। कार्यक्रम के दौरान चयनित बाल सांसद विद्यार्थियों के प्रति संचालक, प्राचार्य एवं स्टॉफ परिवार ने हर्ष प्रकट किया।

### अजीजुल्लाह खान खालिद मुस्लिम राष्ट्रीय मंच राष्ट्रीय छात्र एवं मदरसा प्रकोष्ठ के...

# राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत

**मंदसौर, 5 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच राष्ट्रीय छात्र एवं मदरसा प्रकोष्ठ में अजीजुल्लाह खान खालिद एडवोकेट को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है।



अजीजुल्लाह खान खालिद एडवोकेट की इस राष्ट्रीय पद पर नियुक्ति राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के अखिल भारतीय मार्गदर्शक श्री इन्द्रेश कुमार, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच छात्र एवं मदरसा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक श्री इमरान चौधरी, श्री मोहम्मद फ़ैज़ ख़ान, श्री सैयद शफ़ाक़त हुसैन, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच राष्ट्रीय संगठन संयोजक श्री गिरीश जोयल, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच राष्ट्रीय संयोजक एवं मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ राजस्थान गुजरात प्रभारी श्री एस के मुद्दीन की अनुशंसा पर की गई है। अज़ीज़ुल्लाह ख़ान ख़ालिद एडवोकेट जो पढ़ाई वाले बाबा के नाम से प्रसिद्ध होकर वर्तमान में न.पा. स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर भी है तथा इसके अतिरिक्त भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री भी है। पेंशनर महासंघ, दशपुर जागृति संगठन, राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी सहित अनेक संगठनों से जुड़कर सामाजिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे है। अज़ीज़ुल्लाह ख़ान ख़ालिद एडवोकेट को राष्ट्रीय दायित्व मिलने इष्टमित्रों ने खुशी का इजहार करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना भर्ती मार्गदर्शन पर कार्यशाला सम्पन्न

**मंदसौर, 5 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर की प्राचार्य डा. उमा गगरानी ने जानकारी दी कि प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत भर्ती मार्गदर्शन पर कार्यशाला आयोजित हुई। प्राचार्य डा. उमा गगरानी ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में एयरमेन सिलेक्शन सेंटर, एयरफोर्स, भोपाल से आए सार्जेंट राजीव एवं कार्पोरल आकिब अमानुल्लाह ने विद्यार्थियों को वायुसेना की स्थापना से लेकर देश की आजादी के बाद हुए युद्धों मे उसकी भूमिका के बारे में बताया। कार्यशाला में वायुसेना के अनेक प्रकार के लड़ाकू विमानों के बारे में बताया। साथ ही आपने अग्नीवीर भर्ती प्रक्रिया के बारे में बताते हुए कहा कि 17 साल 6माह की आयु से 21 साले की आयु तक के विद्यार्थियों को अग्नीवीर के लिए पात्र होगें। इन अभ्यर्थियों को 5 साल के लिए सेवा में रखा जायेगा। 6 माह की ट्रेनिंग दी जायेगी और 3.5 साल की एक्टिव सर्विस दी जाएगी। उन्होने बताया कि अग्नीवीर को 5 वर्ष की सेवा देने के बाद आर्मी में रोजगार के बारे में बताया। महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष डा.पी.एल.पाटीदार ने अग्नीवीर के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी सत्र में वायु सेना के अधिकारियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत की गई छात्राओं मेसे मुस्कान सिसौदिया, रवीना कुंवर, सपना परमार व नेहा सम्मिलित थी। अंत में डा.स्मिता मण्डलोई, श्रीमती दीपिका बंधवार, श्रीमती दिपिका कश्यप और श्रीमती चेतना द्विवेदी ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डा.अंजली जैन ने किया एवं आभार डा.राजश्री ठाकुर ने माना।

## सट्टा अंक लिखते पकडा

**पिपलियामंडी, 5 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** पुलिस ने सट्टा अंक लिखते हुए आरोपी को पकडा। नारायणगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बागरी मोहल्ला निवासी विजय पिता मोहनलाल यादव को पकड़ा। आरोपी के कब्ज से नकदी व सट्टा उपकरण जब्त किए।

## राजस्व महाअभियान अंतर्गत आज निम्न गांवों मे लगेगा कैम्प

**मंदसौर, 5 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** अनुविभागीय अधिकारी उपखंड मंदसौर द्वारा बताया गया कि राजस्व महाअभियान (2.0) 31 अगस्त 2024 तक कैम्प आयोजित किये जाएगें। जिसके अंतर्गत हल्के के ग्रामों में बी-1 वाचन, नक्शे में तरमीम, पीएम किसान का सेचुरेशन, समग्र आधार से ई केवायसी, खसरा से समग्र आधार से लिकिंग, फार्मर रजिस्ट्री का सीमांकन, नामातरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती, स्वामित्व योजना, पीएम किसान ई-केवायसी, डीबीटी का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन किया जाना है। जिसके अंतर्गत 7 अगस्त को आधारी उर्फ़ निरधारी, रसुलपुर, पाडलियामारू, मोरखेड़ा, बिलांत्री एवं टाकर्डा में कैम्प आयोजित किये जाएगें।

# हमें पौधे की सुरक्षा कर उसे पेड़ बनाना होगा-राज्यपाल गेहलोद

## गोवर्धन गौशाला में हुआ प्रकृति के श्रृंगार का उत्सव हरियाली महोत्सव कार्यक्रम

**मनासा, 5 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** एक मां जब अपने बच्चे को जन्म देती है और जब तक वह जिवित रहती है चाहे बेटे की उम्र कितनी भी हो जाए उसका लालन पालन करती है और तभी वह बच्चा स्वस्थ्य और सुखी रहता है। ठीक इसी प्रकार से हमने जो पेड़ लगाया है उसका संरक्षण और सुरक्षा करना है। अथार्थ हम समय समय पर पानी की व्यवस्था करें। पौधे को कोई नष्टन कर दे इसका भी ध्यान रखे। टीगार्ड लगाए।

यह बात कर्नाटक के महामहिम राज्यपाल श्री थावचद जी गेहलोद ने कहीं। वह मनासा में गौवर्धन गौशाला द्वारा आयोजित प्रकृति के श्रंगार के उत्सव हरियाली महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सांसद श्री सुधीर जी गुप्ता, मनासा विधायक श्री अनिरूद्ध (माधव) जी मारू, जावद विधायक श्री ओमप्रकाश जी सखलेचा, नीमच विधायक श्री दिलीपसिंह जी परिहार, पूर्व विधायक श्री जितेंद्र जी गेहलोद, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति अध्यक्ष महेंद्र जी भटनागर, एसपी अंकित जी जायसवाल, वन विभाग डीएफओ शिवकरण अटोदे, मनासा नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. सीमा अजय तिवारी, कुकडेश्वर नगर परिषद अध्यक्ष उर्मिला महेंद्र पटवा, डीकेन नगर परिषद अध्यक्ष श्रवण पाटीदार, पर्यावरण मित्र संस्था अध्यक्ष आनंद मानावत आदि मंचासीन थे। महामहिम राज्यपाल सबसे पहले पौधारोपण स्थल पहुंचे यहां बारिश के बीच उन्होने एक पेड़ मां के नाम लगाया। मनासा विधायक श्री मारू ने राज्यपाल श्री गेहलोद की अगवानी की कर स्वागत अभिनंदन किया। राज्यपाल महोदय के साथ अन्य अतिथियों ने भी पौधारोपण किया। पौधारोपण करने के बाद राज्यपाल और अतिथियों का काफिला शासकीय रामचंद्र विश्वनाथ महाविद्यालय पहुंचा। यहां फ्लोरेंस स्कूल



के विद्यार्थियों ने स्काउट बैंड के साथ अतिथियों का स्वागत किया। कॉलेज की छात्राओं ने राष्ट्रगान की प्रस्तुती दी। मनासा विधायक माधव मारू ने स्वागत भाषण प्रस्तुत कर मंचासिन अतिथियों का स्वागत किया। जावद विधायक ओमप्रकाश सखलेचा ने सभी को हरियाली अमावस्या की शुभकामनाएं दी और आज के दिन पीपल, बरगद और नीम के वृक्ष लगाने की बात कही। उन्होने कहा भारतीय संस्कृति में आज के दिन इन पेड़ों को लगाने का महत्व है और मनासा विधायक ने आज कार्यक्रम में उक्त पौधो को लगाकर 5000 वृक्षारोपण का संकल्प लिया आपको बधाई शुभकामनाए। नीमच विधायक दिलीपसिह परिहार और सांसद सुधीरे गुप्ता ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेश पाटीदार ने किया और आभार गौशाला समिति के गिरिश भट्टने माना।

**पेड की देख रेख की चिंता भी करे-** महामहिम राज्यपाल ने कहा जो पेड लगाए जा रहे है उन पेडो की देख रेख और व्यवस्था करने की भी हम चिंता करे। देश की अर्थव्यवस्था में इन सब बातों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। भारत की अर्थव्यवस्था दूनिया की अन्य देशो की तुलना में जो विकसीत राज्य बने है उनमें पांचवे स्थान पर पहुंच गई है। भारत सरकार ने लक्ष्य तय किया है इसको तीसरे स्थान पर पहुंचाना है। यह अभियान आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है आप वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाए और इसको जीवित रखने का भी काम करे। आज जितने पेड लगाए उनके साथ वह अपने फोटो खिंच ले और सालभर महीने बाद जाकर उसी पेड़ के साथ फिर फोटो शेयर करे और कहे यह मेरे द्वारा लगाया पौधा आज पेड़ बन गया है। तभी पेड़ जिवित रहेंगे। इंदौर में वृहद रूप से पौधारोपण अभियान चलाया गया यहां उन्होने जहां पानी की कमी है वहां ट्यूबवेल लगा दी। पौधारोपण को सेक्टर वाइज विभाजित कर वहां कर्मचारी की ड्यूटी लगा दी जो रोज उन पौधो की देख रेख करेंगे और उनका पेड़ बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। हमें भी पौधो की इसी तरह सुरक्षा करना होगा। माधव मारू जी ने भी जो यहां 5000 पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया है मैं इनसे भी अनुरोध करूंगा इन पौधो को पेड़ बनाने में पूरा सहयोग करें। पेड़ अधिक होंगे तो बरसात भी अच्छी होगी। अच्छी शुद्ध ताजा वायु मिलेगी। इसके कारण हमारा जीवन सुखी, स्वस्थ्य और समद्ध रहेगा। प्रधानमंत्री ने आव्हान किया है हम सब एक पेड़ मां के नाम लगाए। जल है तो जीवन है और जल के लिए पेड़ जरूरी है। वायु जरूरी है इस अभियान को जनता ने स्वीकार किया।

दिनांक 06 अगस्त 2024
अपनी कुण्डली स्वयं देखे-
ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ
जड़त्व योग...



✲ जन्म कुंडली के किसी भी भाव में बुध और राहु एक साथ बैठे हो, तो जड़त्व योग बनता है, ऐसा जातक मन से भयभीत रहने वाला हर कार्य में देरी करने वाला, भ्रमित बुद्धि वाला तथा मंद मती होता है, यदि बुध विशेष कमजोर है तो कान नाक गला संबंधित रोग होता है।
जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर
7024667840,8085381720

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 27 | 2425 | 2576 |
| उडद | 0000 | 00000 | 00000 |
| सोयाबीन | 2500 | 3701 | 4441 |
| गैहु | 2750 | 2500 | 3011 |
| चना | 53 | 6160 | 6660 |
| मसुर | 86 | 5275 | 6001 |
| धनिया | 130 | 5330 | 6599 |
| लहसुन | 12000 | 5000 | 22300 |
| मैथी | 400 | 4600 | 5892 |
| अलसी | 760 | 5000 | 5610 |
| सरसो | 113 | 5070 | 5449 |
| तारामीरा | 1 | 4354 | 4354 |
| इसबगोल | 58 | 9000 | 12661 |
| प्याज | 1500 | 1000 | 13751 |
| कलोंजी | 10 | 12001 | 17699 |
| डॉलर | 27 | 9000 | 12000 |
| तिल्ली | 1120 | 10400 | 12150 |
| मटरसुखी | 11 | 4399 | 7025 |
| असालीया | 5 | 7500 | 10071 |

# 13 आईएएस अधिकारियों को बांटे गए 55 जिले, करेंगे आकस्मिक निरीक्षण

**भोपाल, 5 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में पहली बार सरकार अनुसूचित जाति-जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग के छात्रावासों का निरीक्षण सचिव स्तर के अधिकारियों से कराएगी। इसके लिए 13 आईएएस अधिकारियों को 55 जिले आवंटित किए गए हैं।

इन्हें प्रत्येक दो माह में कम से कम तीन दिन छात्रावासों का आकस्मिक निरीक्षण करना होगा। इस दौरान सामने आने वाली कमियों और सुधार को लेकर रिपोर्ट संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संभाग के प्रभारी अधिकारी और संभागायुक्त को देंगे। इसके आधार पर व्यवस्था में सुधार के लिए कदम उठाए जाएंगे। छात्रावासों में सुविधाओं की कमी और अव्यवस्थाओं की बात बार-बार सामने आती है। इसको लेकर विधानसभा में भी प्रश्न उठते रहे हैं। छात्रावास व्यवस्था में सुधार की अनुशंसा करने के लिए सरकार ने पहले सभी संबंधित विभागों के मंत्रियों और अधिकारियों की समिति का गठन किया। अब छात्रावास की वास्तविक स्थिति का आकलन करने के लिए अधिकारियों को भेजने का निर्णय लिया है। ये अधिकारी आवंटित जिलों के छात्रावास/आश्रमों का निरीक्षण करेंगे। इसमें जो कमियां दिखाई देंगी, उनमें सुधार को लेकर संबंधित विभाग के अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव को प्रतिवेदन देंगे। संभाग के प्रभारी अपर मुख्य सचिवों को भी प्रतिवेदन दिया जाएगा ताकि वे भी नियमित निगरानी कर सकें।

### किसे किस जिले की दी जिम्मेदारी

| अधिकारी का नाम | आवंटित जिले |
|---|---|
| पी नरहरि- | इंदौर, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर |
| डॉ. नवनीत मोहन कोठारी- | धार, झाबुआ, आलीराजपुर, बडवानी |
| डॉ. संजय गोयल- | उज्जैन, नीमच, मंदसौर, रतलाम |
| एम. सेलवेन्द्रन- | शाजापुर, देवास, आगर मालवा |
| रघुराज एम आर- | भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ |
| शिल्पा गुप्ता- | नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल |
| लोकेश कुमार जाटव- | जबलपुर, नरसिंहपुर, कटनी, डिंडौरी |
| जान किंग्सली एआर- | बालाघाट, सिवनी, मंडला, छिंदवाडा, पांढुर्णा |
| श्रीमन शुक्ला- | अनूपपुर, उमरिया, शहडोल |
| सिबि चक्रवर्ती एम- | सागर, दमोह, टीकमगढ, निवाडी, छतरपुर, पन्ना |
| अनिल सुचारी- | रीवा, मऊगंज, सतना, मैहर, सीधी, सिंगरौली |
| ओमप्रकाश श्रीवास्तव- | ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, अशोकनगर, दतिया |
| ललित कुमार दाहिमा- | भिंड, मुरैना, श्योपुर |

# स्कूलों को रख-रखाव के लिए मिलेंगे 10 से 75 हजार

**मंदसौर, 5 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सरकारी स्कूलों के सुचारू संचालन के लिए राज्य शिक्षा केंद्र ने 2024-2025 के लिए राशि को लेकर निर्देश जारी किए हैं। एकीकृत शिक्षा निधि के तहत स्कूलों को विद्यार्थियों की संख्या के हिसाब से रुपए आवंटित किए जाएंगे। अब तक प्रावि-मावि और हाईस्कूल व हायर सेकंड्री के लिए अलग-अलग राशि जारी होती है। इस बार प्रावि-मावि को हाईस्कूल व हायर सेकंडरी स्कूलों के साथ मर्ज कर एकीकृत शाला बना दिया है। इन स्कूलों के लिए नए शिक्षण सत्र 2024-25 में एकीकृत शाला निधि के रूप में राशि जारी की जाएगी। जबकि जहां प्रावि-मावि साथ-साथ हैं या अलग-अलग हैं, उन्हें पहले की वार्षिक अनुदान राशि मिलेगी। यह राशि स्कूलों के बेहतर रखरखाव व सफाई व्यवस्था से लेकर अन्य आवश्यक कार्य पर खर्च हो सकेगा। हालांकि सरकार द्वारा प्राप्त इस राशि को शाला प्रबंधन समिति के अनुमोदन के बाद ही खर्च किया जाएगा। जिले में संचालित एकीकृत स्कूलों के लिए राज्य शिक्षा केंद्र ने विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर 10 हजार रुपए से 75 हजार रुपए तक सालाना राशि देने का प्रावधान है। इसका उपयोग विद्यालय भवन के रखरखाव व अन्य जरूरत के सामान को खरीदने के लिए किया जा सकता है। आवश्यकता एवं सामाजिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए शाला प्रबंधन समिति व विकास समिति द्वारा अनुपातिक रूप से खर्च किया जाएगा। खासबात यह है कि वार्षिक अनुदान की राशि का उपयोग प्राचार्य कक्ष की सजावट के लिए सामग्री व उपकरण खरीदने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबंधित होगा। स्कूल कोमिलने वाली अनुदान की कुल राशि के में से 10 प्रतिशत राशि शाला व स्वच्छता पर अनिवार्य रूप से खर्च राशि करनी होगी। इसका हिसाब अलग से रखना होगा।

**प्रतिस्पर्धा, बालसभा व अन्य के लिए भी किया प्रावधान**- एकीकृत शाला निधि का 30 फीसदी भवन के रखरखाव में, प्रयोगशाला उपकरण, पुस्तकालय उपकरण, मरम्मत कार्य, फर्नीचर की मरम्मत, विकासखंड से शाला तक पुस्तक परिवहन, पुताई, बिजली बिल एवं विद्यालय के पटल व्यवस्था पर खर्च किए जाएंगे। वहीं 10 प्रतिशत राशि स्कूल चलें हम, वार्ड रजिस्टर को खरीदने, जन शिक्षा योजना का निर्माण, शिक्षा चौपाल, शिक्षा सभा, डाक्यूमेंटेशन सहित अन्य कार्यों में खर्च की जाएगी। ऐसे ही 5 प्रतिशत राशि कहानी प्रतियोगिता, बालसभा आदि में खर्च की जा सकती है। इसके अलावा अन्य मी 5-5 फीसदी राशि का प्रावधान है।

# अग्रसेन विस्तार में फाईनेंस कंपनी के कार्यालय पर रहती है भीड़, कोतवाली में शिकायत

**मंदसौर, 5 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शहर के अभिनंदन क्षेत्र में स्थित अग्रसेन नगर विस्तार की गली नंबर दो में एक निजी फाईनेंस कंपनी का कार्यालय है। इससे यहां के रहवासी परेशान हैं। रहवासियों का आरोप है कि रहवासी क्षेत्र में कार्यालय खुला है और दिनभर भीड़ रहती है। रात्रि में भी लोग घुमते रहते हैं। हम महिलाओं को घर से बाहर निकलने में भी परेशानी होती है। कई बार असामाजिक तत्व भी आते-जाते रहे हैं। इस संबंध में अग्रसेन विस्तार क्षेत्र की अनेक महिलाओं ने सोमवार को कोतवाली थाने पर जाकर शिकायत की। यहां लिखित शिकायती आवेदन देकर समस्या को हल करने की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि हमारी गली में किराए से मकान को फाईनेंस कंपनी को दिया गया है। शरारती तत्वों से परेशान होने पर हमने मकान मालिक से आपत्ति दर्ज कराई थी, लेकिन समस्या हल नहीं हो पाई। कॉलोनीवासी की सभी महिलाओं ने शिकायत में कहा है कि कोई घटना हो, इसके पूर्व समस्या का हल कराया जाए।



## अवैध शराब के साथ 4 धराए

**पिपलियामंडी, 5 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** पिपलियामंडी पुलिस ने अवैध शराब के साथ महिला सहित 4 आरोपियों को पकडा। नाहरगढ पुलिस ने 15 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ बिल्लोद निवासी रवि पिता जगदीश भाटी को, 10 लीटर शराब सहित बिल्लोद निवासी विकास पिता शंभूलाल भाटी को, 5 लीटर शराब के साथ गारियाखेड़ा निवासी कलाबाई को, पिपलियामंडी पुलिस ने 17 क्वार्टर शराब के साथ नंदावता (भावगढ) निवासी ईश्वर पिता उदयलाल कीर को पकडा। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया।

## पत्नी को पीटा, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 5 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** पत्नी के साथ मारपीट करने वाले पति के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया। झोपड़ पट्टी पिपलिया निवासी श्यामाबाई राजपूत ने पिपलिया चोकी पर शिकायत दर्ज कराई कि पहले पति भेरुलाल के 5 वर्ष पूर्व निधन के बाद मैंने मुन्देडी निवासी भंवरसिंह राजपूत के साथ कोर्ट मैरिज की थी। मैं भंवरसिंह के साथ मुन्देडी गई थी, वहां भंवरसिंह की मां ने बोला कि भंवरसिंह का यहां कुछ नही है, उसने उसके हिस्से की जमीन बेच दी है। यह बात मैंने पति से कहा तो पति ने गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।

# त्याग का मार्ग बहुत कठिन होता है-स्वामी सरस्वती



**मंदसौर, 5 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा मंदसौर पर दिव्य चातुर्मास पूज्यपाद 1008 स्वामी आनन्दस्वरूपानंदजी सरस्वती ऋषिकेश के सानिध्य में चल रहा है। स्वामी जी द्वारा प्रतिदिन प्रात: 8.30 से 10 बजे तक श्रीमद् भागवद् महापुराण के एकादश स्कन्द का का वाचन किया जा रहा है।

सोमवार को धर्मसभा को संबोधित करते हुए स्वामी श्री आनन्द स्वरूपानंदजी सरस्वती ने कहा कि सन्यासी जीवन बहुत कठिन होता है मन पर नियंत्रण रख पाना हर किसी के बस में नहीं होता है। त्याग, तप करना सरल नहीं है जिसने अपने मन पर काबू कर लिया जिसने मेरा मेरा छोड दिया वहीं व्यक्ति ईश्वर को प्राप्त कर सकता है। आपने बताया कि मन को स्थिर रख कर प्रभु भक्ति में लगाना कठिन है लेकिन जिसने यह कर लिया उसके लिए भगवत कृपा प्राप्त करना भी आसान हो जाता है। लेकिन सबसे बडी समस्या यह है कि हम मेरा मेरा करते है और यही मेरा परिवार, मेरा मकान, मेरा शरीर यही आत्म कल्याण की राह में बडी समस्या खडी करता है इसलिए आत्म कल्याण के मार्ग पर आगे बढने के लिए सबसे पहले त्याग तप करों और मेरा छोडो यह सोचों की मेरा कुछ नहीं है क्योंकि यह शरीर भी हमारा नहीं है प्रभु ने यह शरीर भी हमें जीवन जीने के लिए दिया है यह एक साधन मात्र है। आपने बताया कि हम सांसरिक जीवन में इस कदर फंस जाते है कि ईश्वर से भी ज्यादा अपने शरीर से प्रेम करने लग जाते है और जब यह छूटता है तो पीडा होती है इसलिए अपने शरीर से ज्यादा लगाव नहीं रखते हुए मन को नियंत्रित कर प्रभु भक्ति में लगाकर आत्म कल्याण का मार्ग प्रशस्त करें। स्वामी जी ने बताया कि भगवान ने एक पैर, दो पैर, तीन पैर, चार पैर जिसके कोई पैर नहीं सभी जीव भगवान ने बनाये है लेकिन शास्त्रों के अनुसार भगवान को सबसे प्रिय मानव है क्योंकि मानव ही एक ऐसा जीव है जो प्रभु भक्ति कर सकता है इसलिए हमें भी भगवान की ओर कृतज्ञ रहना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में भगवान की आरती उतारी गई एवं प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर जगदीशचन्द्र सेठिया, कारूलाल सोनी, आर सी पंवार, मदनलाल देवडा, प्रवीण देवडा, जगदीश गर्ग, पं शिवनारायण शर्मा, घनश्याम भावसार, दिनेश खत्री, रामचंद्र कोकन्दा, राधेश्याम गर्ग, सी एस निगम, कन्हैयालाल रायसिंघानी, घनश्याम सोनी, भगवती लाल पिलौदिया, जगदीश भावसार, महेश गेहलोद सहित बडी संख्या में महिलाएं पुरुष उपस्थित थे।

## मामला कॉलेजों में स्नातक चतुर्थ वर्ष कोर्स का...

# अधूरी तैयारी, किताबों का इंतजार

**मंदसौर, 5 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कॉलेजों में इस सत्र से स्नातक (यूजी) चार साल का किया गया है। इसमें दो तरह के विकल्प ऑनर्स और ऑनर्स विथ रिसर्च है। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, लेकिन प्रवेश की संख्या काफी कम है। 20 अगस्त तक यूजी चतुर्थ वर्ष में प्रवेश मिलेगा, लेकिन उच्च शिक्षा विभाग किताबें तैयार नहीं करवा पाया है। इससे चतुर्थ वर्ष में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की पढ़ाई कैसे शुरू हो पाएगी। कॉलेजों में अब तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी नहीं की गई है, जबकि अगस्त से कक्षाएं लगनी थी। अब तक इस पाठ्यक्रम की किताबें प्रकाशित नहीं की गई हैं। किताबों के प्रकाशन में दो महीने से भी ज्यादा का समय लग सकता है। प्रदेश में हिंदी ग्रंथ अकादमी विद्याथियों के लिए किताबों का प्रकाशन करती है। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का यह चौथा साल है।यह तय था कि चतुर्थ वर्ष रहेगा, फिर भी सिलेबस और किताबों का प्रकाशन समय से नहीं हुआ। प्रोफेसरों का कहना है कि किताबें तैयार नहीं होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होगी।जानकारी के अनुसार सिलेबस देर से तैयार होने की प्रमुख वजह प्लानिंग की कमी रही। जानकारों का कहना है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होते ही सिलेबस पर काम होना चाहिए था।जल्दबाजी में फैसले लिए गए और इस वजह से किसी भी वर्ष किताबें समय पर प्रकाशित नहीं हो सकीं।

**पाठ्यक्रम देर से तैयार हुआ**–यूजी चतुर्थ वर्ष की प्रक्रिया शुरू से धीमी गति से हुई। विभाग में पाठ्यक्रम तैयार करने का काम जून तक चलता रहा। इसके बाद इसे अपलोड किया गया। अब हिंदी ग्रंथ अकादमी के माध्यम से किताबों के लिए लेखन कार्य चल रहा है। उच्च शिक्षा विभाग ने इस साल फरवरी-मार्च से ही सिलेबस बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। विभाग को चतुर्थ वर्ष के लिए 80 से ज्यादा विषयों का पाठ्यक्रम तैयार करना था। लेकिन, कई विषयों का काम अब भी अधूरा है।

**इनका कहना**–सिलेबस वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। अभी एडमिशन प्रक्रिया जारी है, जब कक्षाएं लगेंगी, तब विद्यार्थियों को किताबें मिल जाएंगी।

**डॉ. धीरेंद्र शुक्ला, विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी, उच्च शिक्षा विभाग**

# मनोकामना महादेव ने दिए अद्भुत दर्शन

**नीमच, 5 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सावन के पावन तीसरे सोमवार के अवसर पर बैकुंठ धाम स्थित 166 वर्ष प्राचीन चमत्कारी मनोकामना महादेव मंदिर पर समिति द्वारा भगवान भोलेनाथ का प्रात: 5 से दोपहर 1:00 तक अभिषेक के पश्चात भगवान भोलेनाथ के अर्धनारीश्वर स्वरूप के सुंदर झांकी का आयोजन किया गया झांकी के पीछे पूरा पहाड़ बना हुआ है , समिति के संरक्षक शिव माहेश्वरी अध्यक्ष दिलीप छाजेड उपाध्यक्ष रमेश जायसवाल और समस्त समिति ने शहर की धर्म प्रेमी जनता से आग्रह किया है कि प्रात: 5:00 बजे से सायेकाल आरती तक चमत्कारी मनोकामना महादेव मंदिर पधारकर दर्शन का लाभ लें।

# मेडिकल कॉलेज: सीटें बढ़ाने के लिए प्रयास

**मंदसौर, 5 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मेडिकल कॉलेज में अब सीटें बढ़ाने को लेकर प्रयास शुरु किए गए है। मंदसौर के अलावा सिवनी और नीमच मेडिकल कॉलेज को 50-50 एमबीबीएस सीटों की मान्यता मिलने के बाद अब चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने सीटों की संख्या सभी जगह 50 से बढ़ाकर सौ करने के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) में अपील की है। इस बीच यहां फैकल्टी की संख्या बढ़ाने की कोशिश रहेगी। उल्लेखनीय है कि पहले सौ-सौ सीटों पर ही मान्यता की मांग चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने की थी, लेकिन फैकल्टी की कमी के चलते एनएमसी ने 50-50 सीटों की ही मान्यता पिछले सप्ताह दी थी।

**सिंगरौली और श्योपुर में कॉलेज होगा शुरू**–अब तीनों कॉलेजों में फैकल्टी की संख्या बढ़ाकर सौ सीटों की अनुमति चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने एनएमसी से मांगी है। अगले वर्ष पांच कॉलेज प्रारंभ करने का प्रयास था, लेकिन तैयारी नहीं होने के कारण सिंगरौली और श्योपुर में कॉलेज ही शुरू हो पाने की आशा है।

**इनका कहना**–तीन कॉलेजों में सीटें बढ़ाने के लिए एनएमसी को अपील की है। आशा है कि सीटें बढ़ जाएंगी। अगले वर्ष भी दो-तीन कालेजों में प्रवेश प्रारंभ कराने का प्रयास है।

**तरुण पिथौड़े आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा**

## बीकॉम तृतीय वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा कल

**मंदसौर, 5 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर के प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता ने बताया कि महाविद्यालय में बी.कॉम. तृतीय वर्ष (ओल्ड कोर्स) के विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 07 अगस्त, 2024 को दोपहर 12.30 बजे कम्प्यूटर विभाग में आयोजित की जा रही है। अत: संबंधित विद्यार्थी दोपहर 12.30 बजे कम्प्यूटर विभाग में अनिवार्य रूप से उपस्थित हो। विद्यार्थी विस्तृत जानकारी हेतु कम्प्यूटर विभाग के सूचना पटल पर देख सकते हैं।

## पत्नी व सास-ससुर को पीटा, जमाई सहित 2 पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 5 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** पत्नी व सास-ससुर के साथ मारपीट करने वाले जमाई व उसके पिता पर पुलिस ने केस दर्ज किया। जीरन (नीमच) निवासी सुखलाल पिता नारायण अहिरवार ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरी बेटी टीना मौसर कार्यक्रम में जीरन आई थी। जिसे जमाई रामनिवास वहीं छोड गया। बाद में कॉल आया कि टीना को छोडने आओ, बच्चे परेशान हो रहे है, मैंने टीना को छोड़ने गया तो रामनिवास ने गाली-गलौज की अन्द ले जाकर मारपीट की। बीच-बचाव करने आई मेरी पत्नी संतोषबाई को भी पीटा। समधी रामनिवास का पिता कचरुलाल भी आ गया और मेरे हाथ पकड लिए और जमाई रामनिवास ने पाइप से पीटा। बीच-बचाव करने आए रिश्तेदार जीरन निवासी देवीलाल पिता गणेश अहिरवार से भी मारपीट की। पुलिस ने रामनिवास व उसके पिता कचरुलाल के खिलाफ केस दर्ज किया।

## होर्डिंग्स टेण्डर में लेटलतीफी... पेज 1 से जारी

कर्मियों वाले होर्डिंग्सों की जानकारी नहीं है, सब कुछ मालूम होते हुए भी अपना कर्तव्य निभाने में कोई भी कदम आगे बढ़ाने पर राजी नहीं है।

**जिले के नगरों व ग्रामों में भी यही हाल**–अवैध होर्डिंग्सों का सिलसिला शहर तक ही सीमित नहीं है। जिले के हर नगरीय निकाय क्षेत्र में अवैध होर्डिंग्स सीना तान कर खड़े हैं। शहर में तो पूर्व में कुछ समय के लिएहोर्डिंग्स हटाए भी गए थे, लेकिन जिले के अन्य नगरों में तो झांका तक नहीं गया है।

**जून माह में पोस्टर फटने की भी हो चुकी है घटनाएं**–जून माह में शहर के घंटाघर स्थित यानी गजा महाराज कॉम्पलेक्स पर एक लम्बा और कुछ चौड़ा पोस्टर लटकाया गया था। यह पोस्टर कपड़े वाला था अथवा मोटे कागज का, कहा नहीं जा सकता है। लेकिन, देखरेख के अभाव में यह लम्बा बैनर फट गया और हवा में झूलता रहा। कॉम्पलेक्स के दुकानदार भी परेशार रहे, वहीं ग्राहक भी आने–जाने में अपने आपको बचाते रहे।

**नियम विपित होर्डिंग्स का आंखों देखा है रिकॉर्ड, कागज पर नहीं**–अवैध होर्डिग्सों का रिकॉर्ड नगर पालिका के राजस्व विभाग के कुछ कर्मचारियों के पास है। जिसे हटाने में जवाबदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। क्या कारण है कि इन अवैध रूप से टंगे होर्डिंग्सों को हटाने में नपा का अमला आगे नहीं बढ़ रहा है। कार्रवाई करना तो दूर ऐसे होर्डिंग्स हटा दिए जाते तो ही शहर को बदसूरत होने से बचाया जा सकता है।

## भगवान भोलेनाथ निकले भक्तों का हाल जानने

**नगर में निकली शाही सवारी, उमड़ा जनसैलाब, एक से एक झाकियों का हुआ प्रदर्शन**





**दलौदा, 5 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सिद्धेश्वर महादेव मंदिर खेड़ापति हनुमान मंदिर जो की दलौदा व धुँधड़का दोनो नगरों के बीच मे स्थित है श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से तृतीय वर्ष सिद्धेश्वर महादेव भक्तों का हाल जानने नगर भृमण पर निकले। दोनो नगरों के बीच आस्था के केंद्र सिद्धेश्वर महादेव श्रावण के तीसरे सोमवार को दलौदा भ्रमण पर निकले और भक्तों के हाल जाने। आयोजक समिति के पदाधिकारीयो ने बताया की सिद्धेश्वर महादेव की शाही सवारी की शुरुआत 2022 में हुई थी यह तीसरा वर्ष है जब बाबा भक्तों का हाल जानने ढोल, मंजीरे, बेंडबाजे, डीजे और आकर्षक झांकियों के साथ निकले। दलोदा नगर में भोलेनाथ को शाही सवारी के साथ नगर भ्रमण कराया गया। इस शाही सवारी में महाकाल का प्रतिरूप विराजित पालकी सहित बैंड, डीजे के साथ नासिक के ढोल-नगाड़े, व पंजाब की झांकिया, अघोरी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। बैंड व डीजे की धुन पर भक्तों ने जमकर नृत्य किया। श्रावण मास के तीसरे सोमवार को खेड़ापति परिसर से सिद्धेश्वर महादेव की शाही सवारी प्रारंभ होकर दलोदा संकट मोचन बालाजी मंदिर सीतामऊरोड से परशुराम मार्ग ,प्रगति चौराहा, महावीर मार्ग, बस स्टैंड, राजेन्द्र सूरीश्वर मार्ग, होते हुवे स्टेशन रोड स्थित भोलेनाथ मंदिर से आशापुरा पेट्रोल पंप, मंडी रोड होते हुए पुन: प्रगति चौराहा से परशुराम मार्ग होते हुए सिध्देश्वर महादेव पहुँची। जहाँ शाही सवारी का समापन हुआ। भोलेनाथ के नगर भ्रमण के दौरान नगर के श्रद्धालुओं व विभिन्न राजनीतिक सामाजिक संगठनों द्वारा शाही सवारी का स्वागत किया गया।

## जर्जर मकानों के साथ... पेज 1 से जारी

मदारपुरा, बोहरा बाखल सहित अन्य क्षेत्रों में कई जर्जर मकान हैं। नपा हर बार की तरह इनको नोटिस देकर भूल गई है। बता दें कि शहर सहित जिले में बीते सालों में 4 से अधिक मौतें भी हो चुकी है।

**सरकारी योजना में बना मकान बताया जर्जर**–पिछले साल नगरपालिका द्वारा कुम्हारवाड़ा निवासी शहनाज बी पति जाहिर अहमद को पीएम आवास योजना के तहत लाभ प्रदान किया। इसके बाद हितग्राही ने स्वीकृत राशि से मकान का पक्का निर्माण भी करा लिया। नपा ने इसको जर्जर मानकर हटाने का नोटिस जारी कर दिया। इससे साफ जाहिर है कि नगरपालिका के जिम्मेदार मौके पर ही नहीं पहुंचे। पूर्व में यह मकान जर्जर था, लेकिन बाद में इसे पक्का करवा दिया गया था।

## काला भाटा बांध का एक... पेज 1 से जारी

इंच है। रविवार सुबह शुरू हुई बारिश रुक–रुक कर रातभर बरसती रही। मौसम जानकारों के अनुसार साइक्लोनिक सर्कुलेशन, लो प्रेशर एरिया एक्टिव है। वहीं मानसून ट्रफ इस लो प्रेशर एरिया के केंद्र से होते हुए प्रदेश के उत्तरी हिस्से से गुजर रहा है। साथ ही एक अन्य सिस्टम भी एक्टिव है। इसके चलते प्रदेश में कही तेज तो कहीं माध्यम बारिश हो रही है।

**बारिश पर एक नजर, 1299 पर पहुंचा गांधीसागर का जलस्तर**–जिले में सोमवार सुबह आठ बजे तके औसत 533 एमएम यानी 21 इंच बारिश दर्ज की गई है। पिछले साल 5 जुलाई तक यहां 379 एमएम यानी 15 इंच बारिश दर्ज हुई थी। सबसे ज्यादा बारिश मल्हारगढ़ में दर्ज हुई यहां बीते 24 घंटों में 5 इंच से ज्यादा बारिश हुई। इधर, चंबल नदी पर बने गांधी सागर बांध का जलस्तर 1299 फीट को क्रॉस कर गया है। बारिश के आंकड़ों की बात करें तो मंदसौर वर्षामापक केंद्र में 374 एमएम, सीतामऊ 535 एमएम, सुवासरा 655 एमएम, गरोठ 550 एमएम, शामगढ़ 816 एमएम, क्यामपुर 532 एमएम, संजीत 472 एमएम, भावगढ़ 549 एमएम, धुंधड़का 478 एमएम, मल्हारगढ़ 389 एमएम, भानपुरा में 516 एमएम वर्षा दर्ज की गई है।

## नाहरगढ़ व पिपलिया टीआई... पेज 1 से जारी

थाना निरीक्षक निरज सारवान को लाईन भेजा है, उनकी जगह विक्रमसिंह इवने को थाने की कमान सौंपी गई है। वहीं नाहरगढ़ थाना निरीक्षक आरसी दांगी को भी पुलिस लाईन हाजिर कर दिया गया है, उनकी जगह लाईन में बैठे निरीक्षक प्रभात गौड़ को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रभात गौड़ ने सोमवार दोपहर में ही नाहरगढ़ थाना तो विक्रमसिंह ने पिपलिया थाने जाकर चार्ज ले लिया है।

# राजस्थान में हुए सड़क हादसे में शामगढ़ की महिला की मौत

**मंदसौर, 5 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** रतलाम जिले की आलोट निवासी राधाबाई प्रजापत उत्तराखण्ड के ऋषिकेश में कथा सुनने गई थी, वहीं पर उन्हें अटैक आया और मौत हो गई। निधन का समाचार पश्चात परिजन कार से उनके अंतिम संस्कार के लिए निकले। गाड़ी में 10 लोग सवार थे। मन्दसौर जिले के शामगढ निवासी रेखा पति ईश्वर प्रजापति भी अपनी मौसी के अंतिम संस्कार मे ऋषिकेश गई थी।

सभी ने वहां ऋषिकेश पहुंचकर राधाबाई का अंतिम संस्कार किया और वहां से वापस आलोट के लिए निकल गए। ऋषिकेश से निकलने के बाद रविवार सुबह 7 बजे दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे से आ रहे थे। इसी दौरान इनकी कार जब सवाई माधोपुर के सुरवाल थाना क्षेत्र के ग्राम त्रिलोकपुरा के पास बनास नदी के आगे जा रहे ट्रक में घुस गई। इसमें भाई बहन समेत चार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ट्रक चालक घटना के बाद ट्रक ले कर फरार हो गया। सवाईमाधोपुर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। सडक हादसे में मोनिका पिता चरणलाल प्रजापत (22), रेखा पति ईश्वरलाल प्रजापत (40)निवासी शामगढ, धामू पति बाली (65) और राजन पिता चरणलाल प्रजापत (22) की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा घायलों में पायल, बुलबुल, ज्योति, कृष्णा, ललिता और ड्राइवर शकील है। अब विक्रमगढ आलोट में इनकी सूचना मिली तो दूसरे परिजन सवाई माधोपुर पहुंच गए। रेखा के पति मधुर कॉलोनी वार्ड 1 शामगढ़ निवासी ईश्वर प्रजापति शामगढ में कृषि उपज मंडी के सामने स्थित ओम नमकीन पर नमकीन बनाने का काम करते है। जानकारी मिलने पर ईश्वर भी सवाई माधोपुर रवाना हुए। दिवंगत रेखा का पार्थिव शरीर आज एन सुबह 4 बजे शामगढ लाया गया व सुबह 9 बजे शामगढ वेकुंठधाम पर अंतिम संस्कार हुआ।

# श्री शिव ज्योति आश्रम लिलदा में प्रसादी का आयोजन सम्पन्न

**मंदसौर, 5 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** भगवान शिव आराधना, हर हर महादेव के जयकरों के साथ लिलदा स्थित श्री शिव ज्योति आश्रम मे गुरूजी देवीनाथ यागी के सानिध्य मे हरियाली अमावस्या के अवसर पर भजन किर्तन के साथ ही पुजा अर्चना कर आंगतुक भक्तो द्वारा प्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ का आनंद लिया गया। अतिथियों का श्री शिवज्योति आश्रम लिलदा के अध्यक्ष कुशलसिंह लसुडिया राठौर वालें ने साफा श्रीफल व पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। आश्रम मे आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथी वरिष्ठ भोपालसिंह सौलंकी सदस्य जिला पंचायत वार्ड क्रमांक तीन, युवा नेता गर्जर दिपकसिंह चौहान सदस्य जिला पंचायत वार्ड क्रमांक चार, अर्जुन गुर्जर जनपद सदस्य मल्हारगढ़ ने आश्रम मे विराजीत पुरातात्विक भगवान श्री शिव ज्योंति की पुजा पाठ कर दर्शन किये। लिलदा गावं से आश्रम जाने के रास्ते मे बिजली के सात खंबे लगवाकर, कनेक्शन व रोशनी करवाने की रूप रेखा पर चर्चा कर बिजली कम्पनी ठेकदार को जिला पंचायत से प्रस्ताव भेजने की मांग पर युवा नेता दिपकसिंह चौहान ने आश्रम के सदस्यों को आश्वस्त कर जल्द इस कार्य को पुर्ण करवाने की बात कही। हरियाली अमावस्या पर आयोजित आश्रम मे अतिथियों सहित क्षेत्र एवं ग्रामवासियों ने प्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ लिया गया। कार्यक्रम मे गुरूजी देवनाथ योगी को आर्शिवाद लिया गया। इस अवसर पर विष्णुदास बैरागी, युखदेवसिंह कामलिया, रोहितसिंह, वसीमखान आदी मौजुद रहे।



# किशोर दा का 95वां जन्मदिवस मनाया

**मंदसौर, 5 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सागर म्यूजिकल ग्रुप के संगीत प्रेमियों ने किशोरकुमार के सदाबहार नगमों की बरसात से नगर संगीत प्रेमियों को सराबोर करते हुए आपका 95वां जन्मदिवस नगरपालिका सभागृह में नगर के स्वाद शहंशाह गुप्ता कचोरी के संचालक प्रवीण गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में मनाया। इस अवसर पर श्री गुप्ता ने कहा कि जैसे स्वाद की अनुभूति जुबान से होती है वहीं जुबां पर आये नगमों से तनाव से मुक्ति मिलती है। आपने किशोर दा का गीत ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे सुनाकर सभी को मित्रता दिवस की भी बधाई दी। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. के.एल. राठौर, नन्दकिशोर राठौर, भरत लखवानी, स्वाती रिछावरा, रानी राठौर, महेश सोलंकी, त्रिलोक रूपलानी, श्याम गुप्ता, पारूल मण्डलोई, श्रीमती सोनी के द्वारा मॉ सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ञवलन से हुई।


**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**
**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी गाँधी नगर मंदसौर स्थित भवन क्रमांक MIG.IV-15 जो श्री आशिया खान पिता श्री अब्दुल माजिद खान को मण्डल आदेश क्रमांक 4465 दिनांक 13.11.2003 द्वारा आवंटित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 18.07.2019 को उप–पंजीयक कार्यालय में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। श्री आशिया खान पिता श्री अब्दुल माजिद खान द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्रीमती मीनाक्षी गर्ग पति श्री मनोहर लाल गर्ग को कर विक्रय पत्र दिनांक 22.08.2019 को इनके पक्ष में में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्रीमती मीनाक्षी गर्ग पति श्री मनोहर लाल गर्ग अपने नाम से करवाना चाहती है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर उक्त भवन का नामान्तरण श्रीमती मीनाक्षी गर्ग पति श्री मनोहर लाल गर्ग के नाम कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in